# चित्रकूट से प्रयागराज तक बनेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

**120** किलोमीटर का होगा एक्सप्रेस वे

**06** लेन का प्रवेश नियंत्रित होगा एक्सप्रेसवे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से जोड़ने के लिए एक और नए एक्सप्रेसवे को मंजूरी दे दी। अब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में चित्रकूट से एक नया एक्सप्रेसवे प्रयागराज तक जाएगा। यह लगभग 120 किमी का होगा। प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट को प्रयागराज से जोड़ेगा। रीवां हाईवे को भी गंगा एक्सप्रेसवे तथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ जुड़ने का एक अवसर प्राप्त होगा। लिंक एक्सप्रेसवे के लिए यूपीडा अब आगे की कार्यवाही करेगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी है। यह जालौन से झांसी तक जाएगा। पहले इस योजना को अव्यवाहारिक मान कर किनारे कर दिया गया था। पर जब बीडा का गठन कर झांसी के पास नए शहर बनाने की योजना बनी तो इस एक्सप्रेसवे की महत्ता बढ़ गई और इसे इस योजना को फिर से आगे बढ़ाया गया है।